



# बोहरा समाज की मस्जिद हटाई, शाही सवारी से पहले विकास ने पकड़ी रफ्तार

- महाकुंभ : चौड़ीकरण की जद में
- आ रहे धर्म स्थल भी हटेंगे

**उज्जैन।** केडी गेट चौराहे पर कार्रवाई के दौरान दो बुलडोजर लगाए गए। बोहरा समाज की मस्जिद का करीब 20 फीट हिस्सा हटाया गया। शुरुआत में समाजजनों की ओर से विरोध किया गया, नगर निगम अधिकारियों ने समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया और इसके बाद कार्रवाई पूरी की गई।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को केडी गेट चौराहे पर बोहरा समाज की कमरुबाग मस्जिद का चौड़ीकरण की जद में आया हिस्सा हटाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम का अमला और भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, मेला अधिकारी और संभाग आयुक्त आशीष सिंह, नगरी आयुक्त अभिलाष मिश्रा लगातार सिंहस्थ से जुड़े विकास कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। महाकाल की पांचवीं सवारी पूर्ण होने के बाद शहर में विकास कार्यों ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। अब चौड़ीकरण में बाधक बन रहे धार्मिक स्थलों को हटाने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। सिंहस्थ के दौरान शहर में लाखों श्रद्धालुओं और वाहनों का दबाव बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रमुख मार्गों और चौराहों को चौड़ा कर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी योजना के तहत आने वाले दिनों में चौड़ीकरण की जद में आ रहे अन्य धार्मिक स्थलों पर भी कार्रवाई हो सकती है। केडी गेट क्षेत्र में मदीना मस्जिद का करीब 5 फीट हिस्सा भी चौड़ीकरण की सीमा में आ रहा है। समाजजनों ने प्रशासन से स्वयं हिस्सा हटाने के लिए समय मांगा है। बताया गया है कि कार्रवाई से पहले संबंधित धार्मिक स्थलों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। 7 सितंबर को बाबा महाकाल की शाही सवारी निकलने वाली है। इसके पहले शहर में चौड़ीकरण और अन्य विकास कार्यों को गति देने की तैयारी है।

### शाही मस्जिद का हिस्सा हटेगा

गोपाल मंदिर पर जहां रीगल टॉकीज हटाकर कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा है उसके ठीक पास में शाही मस्जिद का बड़ा हिस्सा हटाने के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं, कई दुकाने अतिक्रमण की जद में पाई गई उन्हें भी हटाया जाएगा। हालांकि दुकानदारों ने अपनी मर्जी से निर्माण हटाने के लिए सहयोग करने की बात कही है, कुछ दुकान खाली भी हो गई है शाही मस्जिद के आगे पीछे भी बड़ी संख्या में अवैध निर्माण अतिक्रमण हो चुका है उसे भी हटाया जाएगा और शाही सवारी के बाद में यहां पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई होगी वहीं खड़े हनुमान मंदिर का मसला भी हल हो चुका है। वैशाली गणेश मंदिर और हनुमान मंदिर पानी की टंकी वाले स्थान पर विधि विधान से शिफ्ट होंगे।

# रेलवे ओवरब्रिज की एप्रोच रोड और रिटेनिंग वॉल धराशायी

## 2600 करोड़ के उज्जैन-गरोठ हाईवे पर फिर सवाल, सात महीने में दूसरी बार धंसा निर्माणाधीन हिस्सा

**उज्जैन।** करीब 30 हजार करोड़ रुपए के बड़े निर्माण कार्य चल रहे हैं। शहर और आसपास के क्षेत्रों में नई सड़कें, फ्लायओवर, फोरलेन और सिक्सलेन मार्ग, बड़े पुल तथा अन्य अधोसंरचना तैयार की जा रही है। ऐसे समय में करीब 2600 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे उज्जैन-गरोठ फोरलेन के प्रेमनगर रेलवे ओवरब्रिज की एप्रोच रोड और रिटेनिंग वॉल का सात महीने में दूसरी बार क्षतिग्रस्त होना गंभीर सवाल खड़े करता है। तकनीकी जांच में खामियां सामने आने के बाद करीब 400 से 500 मीटर हिस्से को तोड़कर दोबारा बनाना पड़ेगा। पहली बार फरवरी 2026 में इस हिस्से की सड़क और रिटेनिंग वॉल में समस्या आई थी। इसके बाद सुधार कार्य कराकर जून में नई दीवार तैयार की गई, कुछ ही समय बाद अगस्त में दोबारा आरई ब्लॉक्स खिसकने और सड़क के हिस्से के प्रभावित होने की स्थिति सामने आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली के विशेषज्ञों से तकनीकी निरीक्षण कराया गया और इसके बाद दोबारा निर्माण का निर्णय लिया गया। सिंहस्थ में देशभर से करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे। ऐसे में सड़क, पुल, फ्लायओवर और ओवरब्रिज केवल विकास की तस्वीर नहीं होंगे, बल्कि लाखों लोगों की सुरक्षा और आवागमन की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर होगी। सिंहस्थ की समयसीमा को देखते हुए निर्माण कार्य तेजी से पूरे करना जरूरी है, लेकिन रफ्तार के साथ गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। मिट्टी की जांच, भराव सामग्री, जल निकासी, नींव, स्ट्रक्चर और निर्माण की प्रत्येक परत की तकनीकी जांच नियमित रूप से होनी चाहिए। खासकर बारिश के बाद सभी बड़े निर्माणों का सुरक्षा ऑडिट कराया जाना चाहिए, ताकि कमजोरियां समय रहते सामने आ सकें।



### जिम्मेदारी तय हो, सिर्फ मरम्मत नहीं

उज्जैन-गरोठ मार्ग की घटना से यह संदेश भी जाता है कि बड़े प्रोजेक्ट में केवल काम पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि वह वर्षों तक सुरक्षित और टिकाऊ रहना चाहिए। यदि जांच में ठेकेदार या किसी जिम्मेदार एजेंसी की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई और नुकसान की भरपाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। मौजूदा मामले में प्रभावित हिस्से के दोबारा निर्माण का खर्च निर्माण एजेंसी द्वारा उठाया जाना बताया गया है। सिंहस्थ से पहले उज्जैन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का यह बड़ा अभियान है। इसलिए जरूरत है कि प्रशासन, निर्माण एजेंसियां और तकनीकी अधिकारी हर प्रोजेक्ट की नियमित मॉनिटरिंग करें।

### हजारों करोड़ के काम, निगरानी सबसे जरूरी

उज्जैन में सिंहस्थ के लिए जिस बड़े स्तर पर निर्माण चल रहा है, उसमें कई महत्वपूर्ण पुल और सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। शहर में प्रस्तावित और निर्माणाधीन पुलों का बड़ा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है तथा करीब 350 किलोमीटर तक सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की योजना पर काम हो रहा है। ऐसे में किसी एक निर्माण में सामने आई तकनीकी कमी को केवल मरम्मत तक सीमित न रखते हुए पूरे निर्माण तंत्र की गुणवत्ता की समीक्षा जरूरी है।

# खंडेलवाल वैश्य पंचायत 3 सितंबर को मनेगा जन्माष्टमी महोत्सव

**उज्जैन।** खंडेलवाल वैश्य पंचायत उज्जैन के तत्वावधान में 3 सितंबर गुरुवार को भव्य जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। बुधवारिया स्थित खंडेलवाल वैश्य पंचायत भवन में शाम 5 बजे से आयोजित इस सामाजिक कार्यक्रम में भगवान बाल गोपाल को अन्नकूट का भोग लगेगा और भजन संध्या के साथ विविध प्रतियोगिताएं होंगी।

पंचायत अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल और सचिव अनिल सामरिया ने बताया कि इस अवसर पर समाज की महिलाएं अपने-अपने घर से नैवेद्य तैयार कर लाएंगी, जिसे बाल गोपाल को अन्नकूट स्वरूप पधराया जाएगा। उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी और सहसचिव मनीष खंडेलवाल के अनुसार उत्सव में समाज के बच्चे और महिलाएं कृष्ण, राधा एवं यशोदा के स्वरूप में सजकर आएंगे, जिन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया जाएगा।

समन्वयक राजेंद्र सोखिया और उत्सव प्रभारी देवेंद्र जंघिनिया ने बताया कि कार्यक्रम में मटकी सजाओ प्रतियोगिता भी होगी। महिलाएं घर से बाल गोपाल के लिए मटकी सजाकर लाएंगी, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ तीन आकर्षक मटकियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही रवि प्रकाश वाजपेयी की सुमधुर भजन संध्या का आयोजन भी होगा।

कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी और भवन व्यवस्था प्रभारी मनीष मेहरवाल ठाकुर जी के मंदिर एवं श्रृंगार की व्यवस्था संभालेंगे। महोत्सव का समापन ठाकुर जी की भव्य आरती और सामूहिक भोजन प्रसादी के साथ होगा। खंडेलवाल वैश्य पंचायत के संरक्षक सिद्धेश्वर दास, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता, डिंपल रावत एवं गुंजन झालानी ने सभी समाजजनों से आयोजन में उपस्थित रहने की अपील की है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले किसान की मौत

**उज्जैन।** दो दिन पहले जहर खाने वाले ग्रामीण की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में रात को मौत हो गई। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। जहर खाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्राम लसूडिया से 55 साल के गंगाराम पिता केसर सिंह को गंभीर हालत में दो दिन पहले परिवार उज्जैन लेकर आया था। निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। गंगाराम ने जहरीला पदार्थ खाया था जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ चुकी थी। डॉक्टर उन्हें गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया, लेकिन रात में मौत हो गई। अस्पताल की ओर से मामला पुलिस से जुडा होने पर माधव नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का कहना था की खेती किसानी का काम करते थे और एक बच्चे के पिता थे। उन्होंने जहर क्यों खाया इसकी वजह पता नहीं है बावजूद इसके आशंका जताई गई की आर्थिक परेशानी के चलते गंगाराम ने अपनी जान दी है। माधव नगर पुलिस के अनुसार मामला संबंधित थाना पुलिस को जांच के लिए भेजा जाएगा जहां परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## एक नजर में



### सवारी में नारी शक्ति का परचम

**उज्जैन।** भगवान महाकाल की भादौ मास की पांचवीं सवारी में चेतन भैरव नारी शक्ति झांझ एवं डमरू मंडली ने एक बार फिर अपना शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूजा बिटिया के नेतृत्व में मंडली की बालिकाओं ने सनातन संस्कृति की पारंपरिक पोशाक पहनकर समाज को धर्म रक्षण और जागरूकता का संदेश दिया। सवारी के दौरान पूजा बिटिया और उनकी टीम द्वारा किए गए झांझ और डमरू के ओजस्वी प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। मंडली की बालिकाएं उनसे शस्त्र विद्या की दीक्षा लेती हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। महाकाल की सवारी में कई वर्षों से निरंतर भ्रमण कर रहे तेलीवाड़ा चौराहा भैरु महाराज मंदिर और चेतन भैरव मित्र मंडली ने पूजा बिटिया और उनकी टीम की बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। संपूर्ण मित्र मंडली ने बालिकाओं के इस धर्मनिष्ठ कार्य की प्रशंसा करते हुए अपना पूर्ण समर्थन और आशीर्वाद प्रदान किया।

### आज रोजगार मेला, अनेक कंपनियां आएंगी

**उज्जैन।** आज बुधवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक कालिदास कन्या महाविद्यालय, देवास गेट बस स्टैंड के पास रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष के आवेदक जो 8वीं से लेकर स्नातकोत्तर एवं आईटीआई वेल्डर, फिटर की योग्यता रखते हैं, भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में आने वाली कंपनियों द्वारा सर्विस एडवाइजर, सुपरवाइजर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सेल्स मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, मशीन वर्कर, इंश्योरेंस एडवाइजर जैसे पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले सभी आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाणपत्रों के साथ बायोडाटा की प्रतियां एवं अन्य प्रमाणपत्र व आधार कार्ड आदि की छायाप्रतियां आवश्यक रूप से लेकर आएं। जिला रोजगार अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में 20 से अधिक बड़ी कंपनियां शामिल होकर अपने लिए कर्मचारियों का चयन करेंगी।

### राज रॉयल में दर्दनाक हादसा, बच्चे की मौत

**उज्जैन।** घर के बाहर कॉलोनी में साइकिल चला रहे बालक को ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया। बालक को अस्पताल ले जाया जाता उससे पहले रास्ते में मौत हो गई। चालक भाग निकला था पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली जब्त की गई है। चिमनगंज थाना क्षेत्र की राज रॉयल कॉलोनी में रहने वाले शैलेंद्र चावंड का 10 वर्षीय पुत्र सौरभ मंगलवार शाम घर के बाहर कॉलोनी में साइकिल चला रहा था। इस दौरान कॉलोनी की गली से तेजगति में निकली ट्रैक्टर ट्राली ने साइकिल सवार बालक को कुचल दिया। दुर्घटना होते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला बालक गंभीर रूप से घायल हुआ था उसे क्षेत्रवासी चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी लगते हैं पुलिस मौके पर पहुंच गई थी ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि बालक कक्षा तीसरी का छात्र था। उसकी मौत की खबर से परिवार बिलख उठा। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया गया है बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### ग्रामीणों को सिखाएं आपदा प्रबंधन के गुर


**उज्जैन।** मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 11वीं बटालियन की एक उप-टीम द्वारा सिकंदरी गांव के ग्राम पंचायत भवन में ग्रामीण पुरुष एवं महिलाओं को एक दिवसीय सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निरीक्षक श्रीनिवास मीना के नेतृत्व में कुल 11 बचावकर्मियों की टीम द्वारा संचालित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक कौशल सिखाना था। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण और प्रदर्शन दिया : आपदा प्रबंधन : आपदा का अर्थ, उसके प्रकार और एनडीआरएफ की भूमिका। जीवन रक्षक कौशल : सीपीआर, एफबीएओ, रक्तस्राव को नियंत्रित करना, की जानकारी। पर्वत लाल मालवीया की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में 42 महिला, पुरुषों ने भाग लिया और लाभ उठाया एवं एनडीआरएफ के इस कार्यक्रम की सराहना की।

# जीआरपी को सफलता : चोरी के पांच महंगे मोबाइल बरामद, 3 बदमाशों से भी जब्त

- जीआरपी और आरपीएफ रेल यात्रियों के लिए पूरी तरह अलर्ट

**उज्जैन। जीआरपी और आरपीएफ रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह अलर्ट दिखाई दे रही है। ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर होने वाली वारदातों को लेकर सीसीटीवी कैमरे और तकनीकी साक्ष्यों के साथ मुखबिरों के आधार पर बदमाशों को चिन्हित कर पकड़ा जा रहा है। जीआरपी को मामले में सूचना मिली थी कि एक युवक मोबाइल का सौदा करने की फिराक में घूम रहा है जिसे पकड़ा गया तो उसके पास से पांच महंगे मोबाइल बरामद हो गए। तीन बदमाशों को भी पकड़ा गया है जिनके पास से मोबाइल बरामद हुए हैं जो यात्रियों से चोरी किए गए थे।**

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटफार्म नंबर 8 के आउटर स्थित छुम-छुम बाबा की दरगाह के पास एक संदिग्ध व्यक्ति नीले रंग का बैग लेकर घूम रहा है और आने-जाने वाले लोगों को मोबाइल दिखाकर बेचने की बात कर रहा है। जीआरपी टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही संदिग्ध भागने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी का नाम राहुल पिता कानिफनाथ कांबले 44 साल निवासी आनंद नगर, मुंढवा, पुणे, महाराष्ट्र के रूप में हुई। उसके बैग की तलाशी लेने पर पांच महंगे मोबाइल बरामद हो गए। जिनके



संबंध में बिल और दस्तावेज मांगे, लेकिन आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। वहीं वह मोबाइल के संबंध में भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा था जिसके चलते सभी मोबाइलों जब्त कर जांच शुरू की गई है। युवक की गतिविधियों का पता लगाया जा रहा है। बरामद मोबाइल 1 लाख रुपए कीमत के सामने आए हैं। तकनीकी साक्ष्यों से मोबाइल मालिकों का पता लगाया जाएगा। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक मनोज परिहार, मानसिंह टेकाम, राजेश वर्मा, आरक्षक अनूप, दिलीप लोधी एवं रवि बघेल शामिल थे।

### सभी को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया

जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के पूर्व में चोरी हुए मोबाइल के मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। इसी कड़ी में तीन बदमाशों को पकड़ा गया है। जिनके पास से चोरी किए गए 46 हजार रुपए के मोबाइल बरामद किए गए हैं। जीआरपी को पिछले 9 साल से फरार चल रहे गिरफ्तार वारंटी को भी पकड़ने में सफलता मिली है। थाना प्रभारी ने बताया कि 30 अगस्त को उत्तरप्रदेश के वीर सूद का मोबाइल रेलवे स्टेशन से भीड़ में चोरी गया था। वहीं दो अन्य यात्रियों के मोबाइल भी चोरी होना सामने आए थे। तीनों मामलों में मोबाइल चुराने वाले बदमाश अनिस पिता नासिर खान निवासी भोपाल, गणेश पिता लक्ष्मण पलहाड़ निवासी महाराष्ट्र और लखन पिता रमेशचंद्र परिहार निवासी देवास को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से चोरी के मोबाइल बरामद कर लिए गए हैं। 9 साल से फरार गिरफ्तारी वारंटी धर्मराज पिता प्रद्यु न सेन निवासी सीहोर है। सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट 5 से

**उज्जैन।** बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन की मिलाद के मुबारक मौके पर समाज की संस्था बुरहानी गार्ड्स उज्जैन द्वारा तीन दिवसीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर संस्था द्वारा भव्य रूप से तैयारी की जा रही है। मीडिया प्रभारी खुज़ेमा चांदा भाई वाला एवं अदनान लश्कर वाला ने बताया कि टूर्नामेंट में 6 टीमें शामिल होगी। बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मक्सी रोड स्थित सेकंड इनिंग टर्फ पर किया जाएगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ दिनांक 5 सितंबर शनिवार रात को 8 बजे होगा। समापन 7 सितंबर को फाइनल मैच के साथ होगा। विजेता टीम एवं रनर टीम को इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

# निजी विद्यालय संचालकों का सम्मान समारोह आज

**उज्जैन।** अवंतिका प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन, उज्जैन द्वारा शहर के निजी विद्यालय संचालकों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग एवं संगठनात्मक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामय कार्यक्रम बुधवार को सायं 4 बजे होटल मित्तल एवेन्यू, उज्जैन में आयोजित होगा। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह में उज्जैन शहर के समस्त निजी विद्यालय संचालक, संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा होगी। निजी विद्यालय संचालकों एवं संस्था के पदाधिकारियों का सम्मान रहेगा।

# सेवा ने दिलाया काबरा को सम्मान

**उज्जैन।** भारतीय जीवन बीमा निगम के 70वें स्थापना दिवस पर उच्च न्यायालय परिसर के सामने, इंदौर स्थित मंडल कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजीबीनि की विभिन्न दूरगामी लाभ व सुरक्षा प्रदान करने वाली योजनाओं से ग्राहकों को साक्षर करने है। वहीं उज्जैन निवासी रूपेश काबरा का राजसी स्वागत निगम के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। लोकेश जैन के अनुसार राजसी स्वागत के अंतर्गत वरिष्ठाधिकारियों ने सम्मानपूर्वक अभिकर्ता काबरा को मंच पर लाकर शाल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर सम्मान किया और एलआईसी से असंख्य ग्राहकों को जोड़कर उनके भविष्य को सुरक्षित करने हेतु कृतज्ञता व्यक्त की।

# महोत्सव की मनुहार पत्रिका उज्जैन पहुंची

- 8 से 16 जनवरी तक भरतपुर महातीर्थ में होगा आयोजन

**उज्जैन।** विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी की जन्मभूमि श्री भरतपुर महातीर्थ में आयोजित होने वाले दादा गुरुदेव के जन्म द्विशताब्दी महोत्सव का निमंत्रण लेकर श्री राजेन्द्रसूरि जैन कीर्ति मंदिर तीर्थ भरतपुर के पदाधिकारी उज्जैन पहुंचे।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञानमन्दिर नमकमंडी में चातुर्मास के लिए विराजमान श्रीजी एवं साध्वीवर्या मयूरकला की सुशिष्या साध्वी रिद्धि निधी आदि ठाणा-6 के दर्शन-वंदन कर प्रवचन का लाभ लिया। साथ ही



त्रिस्तुतीक श्रीसंघ नमकमंडी और नयापुरा श्रीसंघ को इस 15 दिवसीय महोत्सव का अग्रिम निमंत्रण प्रदान किया। बाबूलाल कटारिया संघवी और विमलकुमार वेदमूथा ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 8 से 16 जनवरी 2027 तक अष्टांहिका महोत्सव तथा 15 जनवरी को गुरु सप्तमी महोत्सव मनाया जाएगा। भरतपुर से आए प्रतिनिधिमंडल में शेषमल वोरा, मोहित तांतेड एवं महामंत्री संजय कोठारी शामिल थे। अतिथियों का स्वागत एवं बहुमान भेरूलाल प्रमोद कुमार तांतेड परिवार के साथ नमकमंडी एवं नयापुरा श्रीसंघ ने किया।

### कुत्ते अब मवेशियों पर भी हमला करने लगे विष्णुसागर की गोशाला में पांच केड़े घायल

**उज्जैन।** आवारा कुत्ते अब मवेशियों पर भी हमला करने लगे हैं। बीती रात गौशाला में घूसे कुत्तों ने 4 से 5 केड़ो को घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि विष्णु सागर में गौशाला बनी हुई है जहां कई गाये और बछड़े रखे गए हैं रात में गौशाला में आवारा कुत्ते घुस गए और उन्होंने 4 से 5 बछड़े (केड़े) को घायल कर दिया। मंगलवार सुबह घटनाक्रम सामने आने के बाद गौशाला के लोगों ने घायल केड़ो का उपचार शुरू कराया। बताया जा रहा है कि विष्णु सागर के आसपास दिन भर आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं जिसके चलते यहां आने वाले पर्यटक और श्रद्धालुओं में भी भय बना रहता है। आवारा कुत्तों की मौजूदगी रविवार को महाकाल मंदिर परिसर में भी सामने आई थी नोएडा से आए मिश्रा परिवार के 8 वर्षीय पुत्र विवान को दर्शन की कतार में कुत्ते ने काट लिया था। प्रतिदिन शहर में चार से पांच लोग आवारा कुत्तों का शिकार हो रहा है इनकी बढ़ती संख्या एक बार फिर डर और दहशत की वजह बनती दिखाई देने लगी। आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी कई बार दिशा निर्देश जारी कर चुका है लेकिन उनकी बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के प्रभावी कम दिखाई नहीं दे रहे हैं।

**एक नजर में** — कंठाल-सती गेट से लेकर महाकाल क्षेत्र के निर्माण कार्य देखे

# सवारी की थकान भूल कलेक्टर आधी रात निरीक्षण करने निकले



**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भादो की पहली सवारी की थकान भूलकर सड़क पर उतर आए। वे आधी रात में ही शहर में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंच गए।

सबसे पहले वे राजसी सवारी के लिए तैयार हो रहे कंठाल-सती गेट से होकर छत्री चौक वाले मार्ग पर काम देखने पहुंचे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मार्ग का पैदल भ्रमण कर शेष रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के साथ-साथ गुणवत्ता, समय-सीमा एवं आपसी समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी सिंहस्थ से पहले शहर की अधोसंरचना को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान महाकाल मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन स्मार्ट सिटी के इंजीनियर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंडर ग्राउंड केबलिंग कार्य का भी निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रीगल टॉकीज, 24 खंभा रोड एवं बड़ा गणेश रोड सहित अन्य क्षेत्रों का भी भ्रमण किया। इस दौरान महाकाल मंदिर से जुड़े फ्लोरिंग, अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि श्रावण मास में रुके हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक नए विकास कार्यों को भी अभी से योजनाबद्ध तरीके से प्रारंभ किया जाए।